# University in News on 13 October 2021

## AMAR UJALA MY CITY PAGE 5

### लविवि : बीएएमएस और बीयूएमएस की परीक्षा तिथियां बदली

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय प्रशासन ने 16 अक्तूबर को अवकाश घोषित होने की वजह से इस दिन होने वाली बीएएमएस व बीयूएमएस की परीक्षाओं के कार्यक्रम में बदलाव किया है। परीक्षा नियंत्रक प्रो. एएम सक्सेना ने बताया कि बीएएमएस की 16 व 19 को होने वाली परीक्षा 25 अक्तूबर को व बीयूएमएस की 16 को होने वाली परीक्षा 23 अक्तूबर को आयोजित की जाएगी। (माई सिटी रिपोर्टर)

### लविवि में 16 को अवकाश

लखनऊ। लविवि प्रशासन ने 16 अक्तूबर को दशहरा का अवकाश घोषित किया है, जबकि नवमी व दशहरा का 14-15 अक्तूबर को सार्वजनिक अवकाश पहले से घोषित है। इस तरह विश्वविद्यालय में 14 से 17 अक्तूबर तक चार दिन अवकाश रहेगा। (माई सिटी रिपोर्टर)

### डॉ. राकेश द्विवेदी बने रूसा समन्वयक

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने समाज कार्य विभाग के डॉ. राकेश द्विवेदी को रूसा का समन्वयक मनोनीत किया है। रजिस्ट्रार डॉ. विनोद कुमार सिंह ने मंगलवार को इससे संबंधित निर्देश जारी किए। (माई सिटी रिपोर्टर)

## i-NEXT PAGE 4

### बीएएमएस-बीयूएमएस की एग्जाम डेट चेंज

**बीएएमएस के 16 अक्टूबर का एग्जाम अब 25 अक्टूबर को होगा**

lucknow@inext.co.in

LUCKNOW (12 Oct): लखनऊ यूनिवर्सिटी ने 16 और 19 अक्टूबर को अवकाश होने पर बैचलर आफ आयुर्वेद, मेडिसिन एंड सर्जरी (बीएएमएस) और बैचलर इन यूनानी मेडिसिन एंड सर्जरी (बीयूएमएस ) एग्जाम की डेट में बदलाव कर दिया है. नए एग्जाम कार्यक्रम के अनुसार बीएएमएस के 16 अक्टूबर का एग्जाम 25 अक्टूबर, बीयूएमएस के 16 अक्टूबर का एग्जाम 23 अक्टूबर और बीएएमएस का 19 अक्टूबर को होने वाला एग्जाम अब 25 अक्टूबर को होगा. एग्जाम कंट्रोलर प्रो. एएम सक्सेना ने बताया कि संशोधित एग्जाम कार्यक्रम यूनिवर्सिटी की आधिकारिक वेबसाइट पर अपलोड कर दिया गया है. स्टूडेंट्स वेबसाइट पर जाकर पूरी जानकारी प्राप्त कर सकते हैं. जिससे कि उनको किसी भी प्रकार की असुविधा न हो.

## RASHTRIAYA SAHARA PAGE 5

### लविवि व संबद्ध कालेजों में शनिवार को भी दशहरा की छुट्टी

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय व सम्बद्ध कालेजों में दशहरा के उपलक्ष्य में शनिवार को भी छुट्टी देने का फैसला किया गया है। रजिस्ट्रार विनोद कुमार सिंह ने जारी आदेश में बताया है कि दशहरा के उपलक्ष्य में शनिवार 16 अक्टूबर को भी लखनऊ विश्वविद्यालय और उससे संबद्ध डिग्री कॉलेजों में पूर्णता अवकाश रहेगा। इसके चलते अब 16 व 19 अक्टूबर को होने वाली बीएएमएस की परीक्षाएं 25 अक्टूबर को होंगीं तथा बीएचएमएस की 16 अक्टूबर को होने वाली परीक्षा 23 अक्टूबर को होगी।

### बीएड : चतुर्थ चरण में 31,315 ने करायी काउंसिलिंग

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय द्वारा विगत अगस्त माह में आयोजित की गयी उप्र संयुक्त प्रवेश-परीक्षा बीएड-2021-23 की काउन्सिलिंग के चतुर्थ चरण (स्टेट रैंक 1 से अन्त तक) के लिए सीट आवंटन का परिणाम मंगलवार को घोषित किया गया। इस चरण में 31,315 अभ्यर्थियों ने काउन्सिलिंग में पंजीकरण किया और कुल 27061 अभ्यर्थियों ने अपने विश्वविद्यालय/महाविद्यालय के विकल्प लॉक किये, जबकि 4,254 ऐसे अभ्यर्थी हैं, जिन्होंने केवल पंजीकरण किया किन्तु कोई भी विकल्प लॉक नहीं किये। काउन्सिलिंग के इस चतुर्थ चरण में कुल 21,406 अभ्यर्थियों को उनके द्वारा विकल्पित बीएड महाविद्यालयों में सीट आवंटित हुई, जिन अभ्यर्थियों को सीट आवंटित हुई है वे निश्चित अवधि अर्थात 16 अक्टूबर 2021 तक अपना सीट कंफर्मेशन शुल्क जमा कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त जिन अभ्यर्थियों की आवंटित विश्वविद्यालय/महाविद्यालय फीस 5000 रुपए से कम है उन्हें लखनऊ विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर लॉगिन कर आवंटन-सह-पुष्टिपत्र डाउनलोड कर लेना होगा। अन्य आवंटित अभ्यर्थियों को लखनऊ विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर लॉगिन कर शेष शुल्क राशि जमा कर अपना आवंटन-सह-पुष्टिपत्र अवश्य डाउनलोड करना होगा।

## SWATANTRA BHARAT PAGE 2

### बीएड प्रवेश के चौथे राउंड की काउंसिलिंग में 21 हजार 406 को आवंटित हुई सीट

स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय ने मंगलवार को संयुक्त बीएड प्रवेश परीक्षा 2021-23 की काउंसिलिंग के चौथे चरण के सीट

**-16 अक्टूबर तक जमा करना होगा कन्फर्मेशन शुल्क**

आवंटन का परिणाम जारी कर दिया। इस चरण में 31 हजार 315 अभ्यर्थियों ने काउंसिलिंग के लिए पंजीकरण किया था। जिनमें से 27 हजार 61 अभ्यर्थियों ने विश्वविद्यालय व महाविद्यालय के विकल्प लॉक किए। जिसमें से 21 हजार 406 अभ्यर्थियों को सीट आवंटन किया गया । वहीं, 4254 ऐसे अभ्यर्थी हैं, जिन्होंने केवल पंजीकरण किया, लेकिन कोई भी विकल्प लॉक नहीं किये। बीएड संयुक्त प्रवेश परीक्षा की राज्य समन्वयक प्रो. अमिता बाजपेयी ने बताया कि जिन अभ्यर्थियों को सीट आवंटित की गई है, उन्हें 16 अक्टूबर तक अपना सीट कन्फर्मेशन शुल्क जमा करना होगा। वहीं, जिन अभ्यर्थियों को आवंटित विश्वविद्यालय व महाविद्यालय फीस पांच हजार रुपये से कम है तो उन्हें लखनऊ विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर लॉगिन कर आवंटन -सह-पुष्टिपत्र डाउनलोड करना होगा। अन्य आवंटित अभ्यर्थियों को भी विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर लॉगिन कर शेष शुल्क राशि जमा कर अपना आवंटन-सह-पुष्टिपत्र डाउनलोड करना होगा।

**शुल्क जमा नहीं तो सीट आवंटन निरस्त**

महाविद्यालय शुल्क राशि जमा करने में असफल अभ्यर्थियों का सीट आवंटन स्वतः निरस्त हो जाएगा। अभ्यर्थियों को अपने आवंटन पत्र तथा मूल प्रमाण-पत्रों के साथ आवंटित विश्वविद्यालय वह महाविद्यालय में तत्काल संपर्क कर रिपोर्टिंग करने के लिए कहा गया है।